डिप्टी स्पीकर साहब, आप जानते है कि हरियाणा स्टेट कोआप्रेटिव सप्लाई एन्ड मार्किटिग फैडरे ान, जिसे छोटे भाब्दो मे हैफड कहते है, किसानो का मित्र है। यह किसान की सेवा करता है। किसानो के लिए उससे तरावाडी मे फर्टिलाइजर प्लांट लगाया हुआ है। रोहतक के अन्दर प ाुओ के लिए चारा पैदा करने का कैटल फीड प्लाट है। अगले प्लान मे एक बार्ले माल्ट यूनिट लगाने जा रहे है। उकलाना मंडी मे एक स्पीनिंग मिल लगाने की सरकार की योजना है डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपके जरिए इस हाउस के आदरीणय सदस्यो को यह बताना चाहता हू कि हरियाणा सरकार ने सिर्फ किसानो के लिए, गरीबो के लिए काम करना चाहती है बल्कि हर सैक ान की तरक्की का काम करने के लिए वचनबद्ध है। ये विरोधी पक्ष के भाई बोलते हुए अपनी हाथ को भूल जाते

है (विघ्न) अन्त मे, डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपके जरिए हाउस से निवेदन करता हू कि इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया जाए। धन्यवाद।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। हमारे मित्र किसानो की बडी बात कर रहे है लेकिन मै आपके द्वारा उनके नोटिस मे एक बात लाना चाहता हूं। आज क्वै चन आवर के दौरान यहा बताया गया कि अकेले इंदरी सब डिविजन मे टयूबवैल्ज के कनैक ान देने के 1 से 2 साल तक पुराने 172 केसिज, 2 से 3 साल पुराने 214 केसिज, 3 साल से ज्यादा केसिज पुराने 266 केसिज पैडिग पडे है। इसके बावजूद भी ये कहते है कि हम किसानो के बडे भाुभ चिन्तक है।

चौधरी भाम ोर सिह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, मै इनकी क्वीरीज का जवाब देना चाहता हूं । जो बात ग्रेवाला साहब कह रहे है वह दुरस्त नही है। मै उन्हे कारैक्ट करना चाहता हू। डिप्टी स्पीकर साहब, तीन साल से पुराने टैस्ट रिपोर्ट के केसिज केवल 16 थे। पिछले दिनो कुछ और कनैक ान्ज दिए जा चुके हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, ये जो फिगर्ज पढ रहे थे वे टैस्ट रिपोर्ट की नही है। बल्कि कुछ और फिगर्ज है।

चौधरी सुबे सिंह (उचाना कला): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय द्वारा 6 मार्च को दिए गए अभिभाशण के सकर्थन मे बोलने के लिए मै पहली बार सदन मे आपसे

मुखातिब हो रहा हू। पिछले संसद के आम चुनाव मे हरियाणा की जनता ने जो ऐतिहासिक बहुम काग्रेस पार्टी को दिया है कि उसके लिए आपके माध्यम से प्रदे ा की जनता को बधाई देता हूं। राजीव गांधी जी ने प्रधान मंत्री बनती ही राजनीती मे और प्र ाासन मे जो एक नई दि ाा देने का सकल्प लिया है उसका पहला नतीजा पूरी दुनियां के सामने है। जिस बात के लिए आज तक के राजनैतिक इतिहास मे बडे प्रयत्न होते रहे, कुछ अर्सा के लिए विरोधी दल की सरकार भी आई और उसने भी प्रयास किया कि दल बदल को रोक जाए लेकिन वह रोका नही जा सका, उस दल बदल को रोकने के लिए राजीव गांधी जी ने बडी हिम्मत और दिलेरी के साथ निर्णय लिया और उसका परिणाम आज आप सबके सामने है कि कोई असैम्बली का मैम्बर या पालियामैंट का मैम्बर दल बदल नही सकता और अगर वह दल बदलता है तो उसे अपनी मैम्बरी छोडनी पडेगी। यह सबूत है राजनीति मे स्वच्छता और ईमानदारी लाने का। डिप्टी स्पीकर साहब, सार्वजनिक जीवन मे स्व्चछता लाने के लिए और प्र ाासन मे कु ालता लाने के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है और हमारे प्रदे ा मे भी इन बातो को कारगार रूप देने के लिए भरसक प्रयास हो रहे है। सातवी पंचवर्शीय योजना मे जो मार्गद र्ाक बताए गए है उनमे विकास, समता, समाजिक न्याय और उत्पादन बढाने की बाते कही गई है। इससे पहली जो छठी पंचवर्शीय योजना थी उसमे 1800 करोड रूपये खर्च करने का प्रवाधान था लेकिन सातवी पचवर्शीय योजना मे 3200 करोड रूपये खर्च करने का प्रवाधान है इसमे

गरीबी को घटाने और भाहरो तथा गावं मे जो असमानता है उसको दूर करने की भी बात कही गई है। विकास मे जनता के पूरे सहयोग की बात भी सतावी पंचवर्शीय योजना मे कही गई है। राजनीति मे और प्र ाासन मे छोटे से लेकर बडे पद पर आसीन व्यक्ति, चपडासी से लेकन मुख्यमंत्री तक सब अपने आपको जनता का सेवब समझे, जनता के हर दुख और तकलीफ मे वह आगे आए, हर समय हाजिर रहे, इस तरह का उद्दे ाय हमारी काग्रेस पार्टी ने आदरणीय राजीव गांधी जी ने नेतृत्व मे अपने सामने रखा है। डिप्टी स्पीकर साहब, कृशि के उत्पादन मे पानी और बिजली की कमी के बावजूद भी पूरा उत्पादन होने की उम्मीद है। खरीफ मे 19.93 लाख टन औवर आल फूड ग्रेनज का प्रोडक ान हुआ है और अब रबी की प्रोडक ान मे भी काफी सैटबैक पहुचा है लेकिन फिर भी 51.4 लाख टन फूड ग्रेनज पैदा होने की आ ाा है। यह रिकार्ड उत्पादन है। हरियाणा सरकार केन्द्रीय खाध भण्डार मे पूरा अं ादान कर रही है। यह हरियाणा के लिए खु ाी की बात हैं सातवी पचंवर्शीय योजना के अन्दर खाधान उत्पादन के साथ साथ फल और सब्जियो के उत्पादन की भी योजना इन्फोर्स करने जा रही है। खाधान्न उत्पादन के साथ साथ फलो और सब्जियो के उत्पादन की भी योजना इन्फोर्स करने जा रही है। खाधान उत्पादनों के साथ साथ फलो और सब्जियो का उत्पादन भी एक तरह से क्रे ा क्रोप है। यह भी किसानों के जीवन को ऊंचा उठाने मे बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। इस पंचवर्शीय योजना मे सरकार की तरफ से सभी प्रवाधान किये गये है। अपनी जिन्स को

बेचने के लिए किसानो को दस किलो मीटर से दूर नही जाना होगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, मै अपने ऊचाना हल्के के बारे मे भी कुछ जिक्र करना चाहता हूं । जो मेरे हल्के मे कृशि से सम्बन्धित दिक्कते है या दूसरी बाते है उनके बारे मे भी मे हाउस के सामने निवेदन करना चाहता हू। ऊचांना हल्की पूरा का पूरा टेल पर पडता है। मेरे हल्के के लिए सूदकान और राजौन्द मुख्य डिस्ट्रिब्यूटरीज है जो उचाना हल्के के गाव टेल पर पडते है वहा पर इनका पानी पूरी तरह से नही पहुचता है। पानी पूरी तरह न पहुचने के कारण इलाके के लोगो को बडी भारी दिक्कत उठानी पडती है। इसलिए मै आपके द्वारा सरकार से कहना चाहूगा कि उचाना हल्के के लिए जो दो तीन माईनर्ज है उन्हे जल्दी से जल्दी पूरा किया जाय। छाज माइनर अभी बनी नही है। बोगरा और क्रोंथ माइनर भी बना नही है लेकिन कोश माइनर मे कुछ एरिया और भाामिल किया जाना चाहिए ताकि उस हिस्से के लोगो को भी इसका पानी मिल सके ओर छाज माइनर का जल्द से जल्द निर्माण करवाया जाये। ताकि इलाके के लोगो को भी लाभ हो सकें

मेरे हल्के मे कुछ एरियाज मे टयूबवैल्ज कामयाब है। वहा पर एस0डी0ओ0 लगाना चाहिए क्योकि अभी तक वहा जे0ई0 लगाया हुआ है। उचाना मडी नही वह पर अभी तक सिविल डिस्पैसरी है इसलिए मेरा सरकार से अनुरोधा है कि वहा प्राइमरी

हैल्थ सैटर खोला जाए और वहा पर वि ोश रूप से प्रसुति गृह निर्माण किया जाए।

मेरे हलके से फिरोजपुर से दिल्ली को रेलवे लाईन निकलती है वह रेलवे लाईन मेरा कास्टीच्यूसी के गांवो को बाइफरकेट कर देती है आधे गाव लाईन के उस पार रह जाते है और आधे इस और रह जाते है मडी एक तरफ रही जाती है और गांव एक तरफ हो जाते है मेरे हल्के के लोगो की मांगे है कि वहा पा एक ओवर ब्रिज बनाया जाए ताकि लोग को सुविधा हो सके।

उपाध्यक्ष महोदय मै कल से सदन की कार्यवाही देख रहा हू। मे यहा हाउस मे साफ साफ बताना चाहता हू कि मेरे उचाना हल्के मे बडी इमानदारी से वोट पडे है। मै बिल्कुल इमानदारी से जीत कर आया हूं। कोई भी मेरा सम्मानित सदस्य पक्ष या विपक्ष का यह साबित नही कर सकता है कि वहां पर कोई बेइमानी हुई है लेकिन हमारे डी0एम0के0पी0 के भाइयो ने वहा तीन चार तारीख को गुण्डागर्दी की जिसका प्रमाण चौधरी अमर सिंह जी के साथ जो इन्होने व्यवहार किया है उससे मिल सकता है। चौधरी अमर सिंह जी काबरछा मे थे और वे पोलिग बूथो को देख रहे थे। वे जब वहा से डूमरखा के लिए लौट रहे थे तो विराधी दल के लोगो ने रास्ते मे उनकी गाडी को रोका। वहा पर वे 50–55 लोग थे। उनके पास हथियार और लाठिया थी। उनके साथ ही पवन कुमार बंसल भी थे। जो हमारे एम0पी0 है। वे

आवजवंर के रूप मे आये हुए थे। उन लोगो ने उनके साथ हाथापायी करने की भी कोि ा ा की लेकिन वे अपनी हिम्मत और दिलेरी से वहा से निकल आये। इन्होने जो गुण्डागर्दी की। वहा पर एक ट्रक ड्राईवर ने भाराब पी हुई थी और वे पोलिग बुथ पर नारे भ लगा रहे थें । ट्रक ड्राईवर ने भाराब पी रखी थी और जब वे जा रहे थे तो ट्रक उल्ट गया, आठ बच्चे मारे गये और 26 घायल हो गये।

श्रीमती चन्द्रावतीः उपाध्यक्ष महोदय, ये नये मैम्बर है इसलिए हम इन्हे चैक नही करना चाहते थे लेकिन अब ये गलत ब्यानी कर रहे है इसलिए हमे नोटिस लेना पडेगा कि ये गलत ब्यानी न करे और यह गलत ब्यानी प्रोसिडिग्ज का पार्ट नही बननी चाहिए। ये पालियामैटरी भाशा प्रयोग करे। नये मैम्बर होने के नाते से हमने बीच मे टोकना उचित नही समझा लेकिन इस तरह इन्हे गलत ब्यानी नही करनी चाहिए।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः मै आई विटनैस हू। उचाना मडी मे डी0एम0के0पी0 के लोगो के पास विहक्लज मे हथियार थे। वे पोलिग बूथो पर टैरर क्रियट करना चाहते थे। जब यह हुआ तो मै उस समय उचाना मडी मे मौजूर था। (ाोर)

श्री वीरेन्द्र सिंहः अब चौधरी भाम ोर सिंह जी नई कहानी घड कर लाये है।

चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवालाः पुलिस स्टे ान मे इस बात का रिकार्ड है।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मै भी गवर्नर ऐड्रेस पर बोलना चाहता हू।

श्री उपाध्यक्षः हा, आपको भी बुलावऊगा। चौधरी सूबे सिह जी अपनी स्पीच समाप्त कर ले, उसके बाद आपके बुलावऊगा।

चौधरी सुबे सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मै एक ही बात कहना चाहता हू कि मैने जो चुनाव लडा है वह पूरी ईमानदारी और स्वच्छता से लडा है। काग्रेस के लोगो ने बडी ईमानदारी दिखाई है लेकिन उसके उलट एक बात कहना चाहता हू कि तीन चार तारीख की रात को विरोधी दल के जितने भी कार्यकर्ता और नेता काम कर रहे थे ....

श्री उपाध्यक्षः अब जो ये बोल रहे है वह रिकार्ड न किया जाये।

लोक निामर्ण मंत्री श्री अमर सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी सूबे सिंह ने जो एलैज किया है यह सौ फीसदी करैक्ट है। श्री पवन कुमार जो कि हमारे एम0पी0 है और आबजर्वर के रूप मे कार्य कर रहे थे, वह और मै पोलिग बूथो को देख कर काबरछाा गांव से आ रहा थे। चालीस आदमियो ने जो असले के साथ थे, हमारी गाडी को सडक पर देख कर रूकवा लिया और उन्होने

हमारे साथ मैन हैडलिंग करने की कोि ा ा की। मै यह बात सही कर रहा हू । पवन कुमार जी मेरे साथ थे। (ाोर)

उपाध्यक्ष महोदय, ये जो भी बात कह रहे है ये गलत कर रहे है। अपनी बात को छिपाने की कोि ा ा कर रहे है। सारी बातो के बारे ये अच्छी तरह जानते है। उचाना, टोहाना और नूह मे इन लोगो ने बूथ कैपचर करने की कोि ा ा की लेकिन पुलिस की दखलअन्दाजी से जब बूथ कैपचरिंग न होने दी गई तो ये अब भाोर मचा रहे है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः जंहा का ये किस्सा ब्यान कर रहे है उस समय तो ये मस्ती मे भाराब के न ो मे झूम रहे थे । काग्रेस के लोगो ने ही सब किया है। (ाोर)

श्री अमर नाथः आप दूसरो पर लान्छन लगा रहे है और खुद भाराब के न ो मे झूम रहे थे। मेरे बोर मे ऐसा कहना निराधार है।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, सदन मे राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर परिचर्चा हो रही है। राज्यपाल महोदय, यहां पर छ तारीख को दस बजे पधारे थे और मुझे बडा खेद है कि मै और मेरे साथी उनके भाशण को सुने बगैर हास से बाहर रचले गए क्याकि हाउस मे आने से पहले हम उनसे मिले थे और हमने उसने कहा था कि हम आपका भाशण नही सुन पाएगे क्योकि आपका ब्यान सरकार की नीति संबधी वक्तव्य है, वह ब्यान

गवर्नमैट की पोलिसी स्टेटमैट होता है और वह गवर्नमैंट जिसके मुख्य चौधरी भजन लाल है सारी अच्छी बातो हो पांव के तले रौद रही है और आप राज्यपाल होने के नाते उन पर कोई चैक नही लगा रहे है। हमारी मजबूरी है कि हम आपका भाशण नही सुनेगें। हम लोग तन्त्रवादी होने के नाते अलोकनतन्त्रवादी चीजो को सहन नही कर सकते। राज्यपाल के पद का सम्मान हदय मे रखते हुए भी हमारी मजबूरी है कि हम आपकी बात को नही सुन पाएगे। ऐसा हमने उनको कहा। आपने देखा होगा कि जब उन्होने अभिभाशण पढना भाुरू किया तो हमने कहा कि आप जिस राज्य के राज्यपाल है वहां पर लोगो को, निर्दोश लोगो को, गोली से मारा जाता है और अभीछ सात बहनो के अकले भाई, मां बाप के इकलोते बेटे को ए0एस0पी0 ने मारा दिया उनकी जुडि ायल इक्वायरी क्यो नही की जाती ? लेकिन उन्होने कोई ध्यान नही दिया।......

मुख्य मंत्री(चौधरी भजन लाल): डा0 साहब ने कहा कि ... डिप्टी स्पीकर साहब, यह बात मुनासिब नही और यह हाउस की कार्यवाही से निकलनी चाहिए और साथ ही इन्होने राज्यपाल महोदया को ......कहा है यह भी ठीक नही है।

श्री उपाध्यक्ष: ठीक है, उनके बारे मे जो भाब्द कहे गये है वे रिकार्ड न किये जाए।

Shri Mangel Sein: He was bound by his duty and rules Sir He could not say anything more.

डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे सविधान के अनुसार जब विधान सभा के अधिवे ान का पहला दिन होता है मतलब यह है कि वर्श के आरम्भ मे जब सदन बैठता है तो पहले दिन राजपाल महोदय सदन को सबोधित करते है, ऐड्रैस करते है। उस सवैधानिक प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, उस फौरमैलटी को पूरा करने के लिए राज्यपाल महोदय समदन को सबोधित करते है। मै एक बात और कहना चाहता हूं और यह बात रिकार्ड पर लाना चाहतास हू कि मेरा एक ऐसी पोलिटिकल पार्टी से संबध है जो पोलिटिक्ल वैल्यूज को ऊपर लाना चाहती है। इनकी तरह नही होना चाहिए कि सारे डैमोक्रेटिक वैल्यूज को पाव तले पामान कर दिया जाएं। जब मैने राज्य पाल महोदय, के भाशण को पढा तेा मै हैरान था कि राज्यपाल महोदय बोल रहे है या कोई काग्रेस का वर्कर बोल रहा है। वे ऐड्रैस मे राजीव गांधी के बारे मे बोल रहे थे राजीव गांधी की तारीफ कर रहे थे कि वे इन्टरने ानल नेता के रूप मे उभरेगे। डिप्टी स्पीकर साहब, हमे क्या एतराज है कि वह अपने घर के किसी आदमी को कुछ भी बना दे। हमे इसमे कोई हर्ज नही है।(ाोर एवम व्यवधान) हमे तो इस बात पर एतराज है कि गवर्नर को एक काग्रेस का वर्कर बनाया जा रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह बात ठीक नही है। इस अभिभाशण मे पहले तो श्रीमती इदिरा गांधी की हत्या के बारे मे उल्लेख किया गया है डिप्टी स्पीकर साहब, यह ठीक ही लिखा है कि सारा दे ा स्तब्ध रह गया। लेकिन इसमे कही यह जिक्र नही है कि सरकार की गलत नीतियो की वजह से उनकी हत्या हुई।सरकार उनकी

सुरक्षा नही कर पाई। उनकी सुरक्षा के लिए सरकार ने जो उपाय करने थे वे उपाय सरकार नही कर पाई। राज्यपाल महोदय ने यह भी कहा कि पडौसी राज्य मे अ ाान्ति है और दो बार नहर टूट गई लेकिन यह नही बताया गया कि ला एण्ड आर्डर की म ाीनरी नहर को बचाने मै क्यो असफल रही ? डिप्टी स्पीकर साहब, बाद मे इन्होने हाथ पांव जोडकर उस नहर की रिपोयर करवाई। राज्यपाल के ऐड्रैस मे कही यह जिक्र नही आया कि सरकार लिक कैनाल को जोडने मे क्यो असफल रही जबकि पजांब मे केन्द्र द्वारा भाासन चलाया जा रहा है। भजन लाल जी राजीव गांधी को प्रधान मंत्री बनानै के लिए पसीना पसीना हो रहे थे उनकी तारीफ मे बडी बातो कही जा रही थी क्योकि उनको डर था कि कही इनकी छट्टी न हो जाए। गवर्नर साहब, को इस बात पर रो ानी डालनी थी कि यह सरकार नाकामयाब क्यो रही। स्वर्गवासी श्रीमती इदिरा गांधी ने अपने जीवन मे दो फैसले किए थे अबोहर और फाजिल्का का फैसला और पानी का फैसला। गवर्नर साहब ने अपने भाशण मे इनका कोई उल्लेख नही किया कि इनको कहा तक इम्पलीमैंट किया गया है। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए).....। स्पीकर साहब, मै कहना चाहता हू कि भजन लाल जी आये दिन नये नये ब्यान गढते रहते है।

चौधरी भजन लालः मै तो आपसे सलाह करके ही बोलता हू।

श्री मंगल सैनः आपने जो अपने कैबिनेट के साथियो के साथ भी सलाह नही की मुझ से तो क्या सलाह करनी थी। आपने कहा कि महा पजाब बनना चाहिए था लेकिन इसका आपके काग्रेस के मुख्य मंत्री ने विरोध किया। स्पीकर साहब, उस दिन ये कह रहे थे कि हरियाणा प्रान्त बना बडा बुरा हुआ । भजन लाल जी मै आपको बातना चाहता हू कि जब हरियाणा बना आप उस समय एक छोटे से गांव के सरपंच के चुनाव के चक्कर मे थे। आप उस समय ब्लाक लैवल के वर्कर थे।

चौधरी भजन लालः मै तो पीडी पौडी चढा रहा हू। आप भी तो वर्मा से आये है।

श्री मंगल सैनः आप तो राजस्थान और हरियाणा का बौर्डर क्रोस करके चढे है यह ठीक बात है। कि मै वर्मा से आया हू मुझे पता है कि आप किस तरह से ऊपर चढे है। स्पीकर साहब, in Season and out of season he in issiing stateents यह जानते हुए भी कि इनके स्टेटमैटस से स्टेट का कितना नुकसान होगा अपनी बाता को एप्रीि ाएट कर रहे है। कभी घोशणा करते है कि चण्डीगढ की वोट देा । कभी कहते है कि अबोहर ओर फाजिल्का के इतने गांव हरियाणा को दे दो।

श्री हीरा नन्द आर्यः आन ए प्वायट आफ आर्डर सर। स्पीकर साहब डा0 साहब कह रहे थे कि ये ब्लाक लैवल के या पंचायत लैवल के आदमी थे। मेरा कहना यह है कि डा0 साहब

अपनी जानकारी मे यह बात ऐड ले कि भजन लाल जी इन्टरने ानल लैवल के थे (हंसी)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्यायट आफ आर्डर नही है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, ये आये दिन नये नये स्टेटमैट देते है लेकिन इनके उस स्टेटमैट पर हिमाचल वालो ने अगूठा दिख दिया और कह दिया कि हम नही मिलते। स्पीकर साहब गवर्नर साहब ने जिनकी तारीफ की हमे उनके भाब्दो पर एतराज है । डैमोक्रेसी मे अपोजी ान हुआ करती है। अपोजी ान को अपोजी ान के नाम से पुकारना चाहिए लेकिन उनको अप ाब्द कहना कि डिसप्टिव फोर्सिज को डिफीट किया ठीक नही है उनकी भाान के बारे मे ऐसा कहना it is unlike for a Governor. I highly object to it and I am within my rights to say to beacuse he has mis used his froum to express his views.

स्पीकर साहब, मै तो चाहता हू कि ये सदन मे महा पजाब के बारे मे प्रस्ताव ले आए। ये प्रस्ताव क्यो नही ले आते ? यहां तो एक भाब्द भी इन्होने नही कहा। मै इनसे पूछना चाहता हू कि अनाउसमैट करने से पहले क्या इन्होने काग्रेस पार्टी से इस बात का फैसला कर लिया था ? क्या भाई सुलतान सिंह जी इस बारे मे सलाह कर ली थी? कही हाई कमांड के जनरल सैक्रेटरी को गाठ गूठ कर तो यह फैसला नही कर लिया था ? क्या प्रदे ा काग्रेस से, या प्रदे ा कैबिनेट से इस बात का फैसला नही कर लिय था ? मै तो यह कहना चाहता हू कि इन काग्रेसियो ने पहले

छोटे छोटे राज्य बनाये जबकि हम उनके खिलाफ थे। हमने इन काग्रेसियो को कहा लेकिन ये नही माने। भजन लाल जी कहते है कि मै उसे समय मुख्यमंत्री नही था। भजन लाल जी उस समय काग्रेस मे हुआ करते थे । पहले सरदार प्रताप सिंह कैरो और बाद मे चौधरी बंसी लाल जी मुख्यमंत्री हुआ करते थे मै कहता हू कि ये उस वक्त काग्रेस मे थे। काग्रेस से त्याग पत्र देते और कहते कि यह बात गलत है लेकिन इन्होने यह जुर्रत नही की और आज रोने का क्या फायदा ।What is the use of weeping over the spilt mike ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डाक्टर साहब, आप तो उस समय महा पजांब के हक मे रहे है।

श्री मंलग सैनः हा, ठीक है जो इसमे छूपाने वाली कौन सी बात है। लेकिन मै यह कहता है कि आप के मुख्यमंत्री महापजाब पर सीरियलस नही है। पजांब वाले तैयार नही हिमाचल वाले तैयार नही और हरियाणा वाले इस विलय के लिए तैयार नही। क्या आपने भजन लाल जी अनाउसमैट करने से पहले किसी से पूछा किसी से सलाह म ाविरा किया या अपने आप ब्यान देने भाुरू कर दिये। आपके प्रधान मंत्री जी राजीव गांधी जी जी ने पिछले दिनो चुनाव के दौरान ि ामला मे यह कह दिया कि हम हिमाचल को किसी भी सूबे मे नही मिलायेगे। अब आप बताओ कि आप हरियाणा को किस से मिलाओगे ? क्या दीवारो से मिलाआगो ? हां, एक काम, स्पीकर साहब, इन्होने अव य ही अच्छा किया।

इन्होने हरियाणा के छोटे छोटे टुकडे करने का सिर पर जरूर बदनूमा धव्जा लगा लिया। स्पीकर सर, इससे आगे मे यह कहना चाहता हूं कि मैने पिछली बार भी गवर्नर ऐड्रैस मे ने ानल कैपिटल रीजन के बारे मे कहा था और यह रिकार्ड पर होगा। अगर कोई माननीय सद ये उसे देखना चाहे तो मंगवा कर देख सकता है। मैने कहा था कि ने ानल कैपिटल रीजन स्कीम जो है वह धीरे धीरे हरियाणा के अधिकारी को छीनेने वाली बात है। सै ान के आखिरी दिनों मे ये प्रस्ताव ले आए और कह दिया कि केन्द्रीय सरकार को अधिकार देते है कि वे इस पर कानून बनाए। (ाोर एवम व्यवधान)

श्री अध्यक्षः डाक्टर साहब, आपको बोलते हुए 15 मिनट हो गये है आप वाइड आ कीजियेगा।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैने तो अभी भ्ाुरू ही किया है जीं। मै तो आपका आज्ञाकारी सदस्य हूं। ये मुझे बीच मे टोकते रहे है इसलिए मुझे और समय मिलना चाहिये। मेरा सारा समय तो इन्होने जाया कर दिया।

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, अभी ट्रेजरी बैन्सिज की तरफ से बहुत सारे आनरेबल मैम्बर्ज बोलने वाले रहते है उनको भी बोलने का समय मिलना चाहिए।

Mr. Speaker: That I will See.

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मै कहना चाहता हू कि इन्होने हरियाणा को तीन धनाढयों के हाथ बेच रखा है। कुछ उनसे से हिसार रहते है और कुछ दिल्ली मे रहते है एक इडस्ट्री का मेरे मित्रो ने जिकर भी यहां पर कर दिया और उस बारे मे श्री राजीव गांधी जी को भी एक पत्र लिख दिया।

श्री अध्यक्षः ये लफज रिकार्ड न कियो जाए।

चौधरी भजन लालः डाक्टर साहब, मेरे दामाद ने जो लोन लिया है उसमे अगर कोई गलती मिल जाए या उसने कही सेल्ज टैक्स की चोरी की हो तो इसके लिये मै आपको मुनसफ यानी जज मुकर्रर करता हूं। अगर आप कोई ऐसी बात साबित कर दे तो मै इस्तीफा दे दूगा। (ाोर एवम व्यवधान)

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, न जी, मै आबिट्रेटर बनने के लिए तैयार नही हूं क्योकि इन्होने पहले एक केस मे श्री बलदेव तायल को आबिट्रेटर बताया था और बाद मे उसको गालिया दी थी। आप इस बात की इक्वायरी करवा लीजियेगा पता चल जाएगा।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, किस बात की इक्वायरी?

श्री मंगल सैनः मै आबिट्रेटर बनने के लिये तैयार नही हू। Let there be a judicial officer, Interruptions Sir, my

Submission is that my friend should accept my challenge and order an inquiry by s sitting judge of the High Court.

चौधरी भजन लालः मै पूछ रहा हू कि किस बात की इक्वायरी ?

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, इस बात की इक्वायरी जो इनके दामाद ने हरियाणा फायनैन्ि ायल करपोरे ान से लोग लिया है जो बिजली उन्हे मिल रही है। जो लोग इडस्ट्रियल कारपोरे ान से उन्हे मिला है उस बारे मे जांच होनी चाहिए। (ाोर एवम व्यवधान)

श्री अध्यक्षः डाक्टर साहब, इन्होने यह कह दिया कि अगर उसके मुतालिक कोई इल्लीगैलिटी या कोई फेवरेटिजम निकलेगा तो मै इस्तीफा दे दूंगा। बडे हो कलीयर लफजो मे इन्होने यह बात कह दी है। कया फिर उसके बाद कोई बात रह जाती है ?(ाोर एवम व्यवधान)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, यह जो सस्थाए है इनका काम है कर्जा देना। डाक्टर साहब, इडस्ट्रीज मिनिस्टर रहे है। इनको इस बारे मे सब कुछ पता होगा। अगर कोई इस दे ा के अन्दर प्रदे ा के अन्दर फैक्टरी लगायेगा, छोटे से छोटा और बडे से बडा व्यक्ति कर्जा ले कर ही लगायेगा, चोरी करके, डकैती करके नही लगायेगा। हम बाकयाद लोगो मे इस बात के लिए इ ि तहार देते है और लोगो को विदे ाो मे जा रक बनाते है कि आज कृपया मेहरबानी करके हमारे हरियाणा के अन्दर इडस्ट्रीज

लगाओ, फैक्टरिया लगाओ, हम आपको कर्जा देगे, बकवर्ड एरियाज मे इडस्ट्रीज लगाने के लिए सबसिडी देगे। अगर किसी सियासी आदमी के रि तेदार ने फैक्टरी लगा ली आप बताओ कि क्या उसने बहुत बडा गुनाह कर लिया ? मै इससे ज्यादा और नही कह सकता । भाायद आप इसालिए इस तरह से की बाते यहा पर कहते है कि भजनल लाल के नाम पर कोई बदनामी आ जाएगी। स्पकीर साहब, मै इनको यह बताना चाहता हू कि मेरे दामाद मे अगर एक पैसे की भी बेईमानी मिल जाए कर्जा लेकर वापिस न किया हुआ हो, इस तरह की कोई बात मिल जाए, तो मै त्याग पत्र दे दूगां। डा0 मंगल सैन इक्वायरी कर ले जो इनकी रिपोर्ट होगी उसी को मै मान लूंगा। मेरा इस्तीफा हर वक्त तैयार रहेगां। मै आपको यह बात चैलेन्ज के साथ कहता हू।

Shri. Mangal Sein: Now the matter is very clear. He has accepted my suggestion. Therefore, it is my submission and request that a siiting judical authority from the High Court should be appointed on the job, Sir. स्पीकर साहब वे यह बात मान जाए। हाई कोर्ट के किसी चीफ जस्टिस की यह मामला सौप देना चाहिए।

श्री अध्यक्षः डाक्टर साहब, आप वाइड आ कीजियेगा। आपका समय हो गया है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, प्रौफेसर सम्पत सिंह जी ने एक लैटर राजीव गांधी जी को लिखा है, जिसकी कापी मेरे

पास है उसमे लिखा है कि जनाब आप ने कहा कि मै भ्रश्टाचार दूर कर दूगा। आप हमारे सूबे के मुख्यमंत्री की इक्वायरी करवा लीजिए। मेरे मित्र तो, स्पीकर साहब, जो इस काम के लिये कमि ान मुकर्रर होगा, उसके सामने जी आन औथ्र कह देगे। ाोर एवम व्यवधान)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मुख्यमंत्री की इक्वायरी की बात यह है कि जनता सियासी आदमी का भाागी ाा होता है। हमने अपोजी ान को साल मे दो दफा सोनीपत मे चित किया। पालियामैट के इलैक ानो मे 10 की 10 सीटे काग्रेस ने जीती और अब वाई इलैक ान मे तीनो सीटे भारी बहुमत से काग्रेस ने ही जीती। टोहाना मे सारी की सारी अपोजी ान यहा पर इकटठी थी। आज तक कभी भी इतने बडे मार्जिन से नही जीते। साढे 25 हजार की लोड रही। यह बात सभी के सामने है कोई छूपी हुई नही है। लोग जानते है कि कौन कैसा आदमी है और कौन आदमी है और कौन कैसा लेकिन आपके कहने से कोई फर्क नही पडता। जब कोई आदमी अपने दिमाग का सतुलन खो बैठता है तो और तरह की ही बाते करने लगता है ये कोई बाते है ? आप बता करिये जो ढग की हो, फायदे की हो। हमारे दे ा मे प्रजातन्त्र है और प्रजातन्त्र मे जनता ही इस बात का फैसला करती है जनता ने फैसला कर भी दिया कि आप सब लोगो के सामने है। (ाोर एवम व्यवधान)

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, टोहाना मे, नूह मे और ऊचाना मे जो उप चुनाव हुए इन के बारे मे आप किसी इडिपैन्डैन्ट ब्यूज वाले और ईमानदार आदमी से इक्वायरी करवा ले आपको पता लगेगा कि भूना मे इन्होने एक भी वोट डालने नही दिया।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सतुलन खो दिया है। पता नही वे अपने बारे मे कह रहे थे या किसी और बारे मे कह रहे थे। हमने कोई सतुलन नही खोया है। चीफ मिनिस्टर साहब आपको जिस चुनाव मे जीतनत का अहकार है उस बारे मे पता होना चाहिए कि वहा पर किस तरीके से बूथ कैपचरिंग की गई ये मुह बोलती बाते अखबार कह रहे है। मै यही कहना चाहता हू कि गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस मे जो चुनाव के बारे मे कहा है यह बात उनको नही कहनी चाहिए थी। यह उनके परव्यू से बाहर की बात है कि बडा मासिव मैडेट मिला है वे कौमन पार्टी मैने नही है बल्कि वे गवर्नर है। उनको इस बातो मे इडज्ल नही होना चाहिए था। मेरे पास 19.1.985 का नवभारत टाइम्ज अखबार है जो भजन लाल जी के विज्ञापनो से चलता है उसके पाचवे सफे पर लिखा है करोडपति बनना है तो आसान नुखसा मुख्यमत्री के दामाद बनो। क्या यह भी मेरा अखबार है ? स्पीकर साहब, मै निवेदन करना चाहता हूं कि भजन लाल जी ने हरियाणा मे इडस्ट्री का ऐस भटठा बिठाया है जिस पर ट्रिब्यून का सर्वे आया है । मेरा ख्याल है वह सब ने पढ लिया है स्पीकर

साहब, रोहतक के साथ इनको इतनी दु ामनी है कि पूछो मत। वहा पर एक महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी बना रखी है अब उसका नहाम इन्दिरा गांधी के नाम से बदलने जा रहे हैं एक बात और कहना चाहता हू कि वहा उम्मीदवार ने वाइस चांसलर होते हुए चुनाव के लिए अपने आफिस का मिस यूज किया। उन्होने अपने सार आफिस को चुनाव कार्यक्रम मे कनवर्ट कर दिया था। अब ये उसको ऐजुके ान कमि ान का चैयरमैन बनाने जा रहे है। कितनी अन कास्टीच्यू ानल बात करने जा रहे है ? गवर्नर साहब को पता होना चाहिए कि उनकी जुरिसडिक ान मे यह बता नही है। उन्होने जो बाते तो गलत कही गई और कुछ बाते वे कहना छोड गए। इन भाब्दो के साथ मै चाहता हू कि यह धन्यवाद प्रस्ताव पास नही होना चाहिए।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के राज्यपालने जो 6.3.1985 को ऐड्रैस पढा मै उसका समर्थन करता हू। 1984 के आखिरी महीनो मे श्रीमती इन्दिरा गांधी इस दे ा की प्रधान मंत्री थी । उनका जिस तरीके से कत्ल हुआ उससे हिन्दुस्तान ही नही बल्कि दुनिया के कई मुल्क तिलमिला उठे। उससे दे ा का इतना भारी नुक ाान हुआ जो पूरा होना मु कल है। वे गरीबो की मसीहा थी। उनके नाम दुनिया के बेहतरीन नेताओ मे भाामिल होता है। जो काम उन्होने अपने प्रधान मंत्री काल मे किए वे रो ानी के मीनार है। बीस प्वायंट प्रोग्रोम उनकी देने है जो दे ा के लिए ऐसी चीज है

जिसका कोई जवाब नही है। बीस प्वायट प्रोग्राम सही मायनो मे दे ा के लिए एक गनीमत है। उनके बाद जो हमारे नए युवा प्रधान मंत्री आए उन्होने आते ही बहुत अच्छे प्रोग्रोम रखे। पहला प्राग्रोम दल बदल विरोधी बिल है जिसकी बडी मुददत से ये भाई मांग कर रहे थे। जब हमने वह बिल पास कर दिया तो उसकी भी अब इनको तकलीफ है। इस बिल के पास होने की वजह से आप लोगो अपनी जगह पर टिके रहोगे और इधर उधर नही भागोगे। हमारे पडौसी प्रदे ा मे जो कुछ भी हुआ उसका असन पडना हरियाणा मे भी जरूरी थी। क्योकि अगर बराबर के घर मे आग लग जाए जो साथ वाले घर को सकट तो पहुचाता ही है लेकिन हमारी सरकार ने ऐसे इतजाम किए कि जितनी जल्दी से जल्दी उन पर काबू पाया जा सकता था, काबू पाया तथा प्रदे ाो मे अमन भाान्ति रखी । जहा तक हरियाणा के हितो का सवाल है पहली भी इस सरकार के हाथो मे हरियाणा के हित सुरक्षित थे और आगे के लिए भी सुरक्षित रहेगें। आप लोग जितना मरजी चीखते चिल्लाते रहे लेकिन हरियाणा के हितो के विरूद्ध हमारी सरकार कुछ भी करने वाली नही है। यह जो भी करेगी वह हरियाणा के हित मे करेगी। भाखडा नहर दो बार टूटी और दोनो बार प्रान्त मे सूखा पडा। चाहे सिरसा जिला था चाहे जीन्द जिला था वहा पीने के पानी की कमी आई तथा आबपा ी के लिए भी पानी की कमी आई। लेकिन सरकार ने वहा पर सैकडो की तादाद मे नलकूप लगाए और उन इलाको को कहत के खतरे से बचाया। उस काम पर सरकार ने 11 करोड 9 लाख रूपये खर्च किए।

इसलिए सरकार का यह काम भी सराहना के काबिल है जब दो बार भाखडा नहर टूटी तक भी सरकार ने थोडे से थोडे वक्त मे उनकी मुरम्मत करवाने का प्रबन्ध किया। वहा मौके पर हमारे चीफ मिनिस्टर भी गए और डिप्टी चीफ मिनिस्टर भी गए।

श्री राम बिलास भार्मा: स्पीकर साहब, इन्होने जो कहा है कि डिप्टी चीफ मिनिस्टर सदन की जानकारी मे तो डिप्टी चीफ मिनिस्टर कोई है नही। इन्होने काग्रेस पार्टी मे कोई अलग से व्यवस्था कर रखी हो तो अगल बात है। (ाोर)

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): मेरा मतलब यह था कि चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला भी वहा गए और चीफ मिनिस्टर साहब भी गए। इनके अलावा हमारे इजीनियर्ज भी गए। इन्होने मौके के मुताबिक देख कर मुरम्मत का इतजाम किया। हमारा प्रदे ा कृशि प्रधान है और किसानो की बेहतरी के लिए सरकार ने बहुत से साधान जुटाए है। 1984.85 मे जबकि छठी पंच वर्शीय योजना खत्म हो रही है। इस अभिभाशण मे 7वी पंचवर्शीय योजना का जिक्र भी किया गया है। **(13.00)** राज्यपाल महोदय के अभिभाशण के पेज 5 पर यह लिख है कि छठी पचंवर्शीय योजना मे 18000 करोड रूपया के परिव्यय के मुकाबिले के कुल वास्तविक खर्च 1603.77 करोड रूपए होने की सभावना है। सातवी पचंवर्शीय योजना मे 3200 करोड रूपये के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है। इसी तरह से 20 सुत्रो कार्यक्रम के बारे मे

कहा गया है यह 20 सुत्रो कार्यक्रम गरीब लोगो के लिए बहुत ही फायदेमन्द है ।

श्री मनफूल सिहः स्पीकर साहब, मेरा प्वायट आफ आर्डर है मै माननीय सदस्य से यह जानना चाहता हू कि वे 20 सुत्रो मे से केवल 10 सुत्र ही बता द कि वे क्या है।

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायट आफ आर्डर नही है।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): आप मेरे कमरे मे आ जाए मै आपको 20 सुत्र की बजाय 21 बता दूगा। अध्यक्ष महोदय, खेती की तरक्की के लिए मध्यम सिचाई स्कीमो पर 117 करोड रूपए का योजना परिंव्यय प्रास्ताविक है। इनके मुकम्मल हो जान पर 2.85 लाख हैक्टेयर जमीन की अतिरिकत सिचाई होनी की सम्भावना है। सूखे सम्भावी क्षेत्रो ओर मरू क्षेत्रो के विकास के लिए वि ोश ध्यान दिया जा रहा है। इस प्रयोजना के लिए सरकार ने 4.89 करोड रूपए के परिव्यय का उपबन्ध किया है। यह सरकार गरीब ग्रामीणो छोटे तथा सीमांत किसानो, खेतीहर, मजदूरो, देहातो कारीगरो, ि ाल्पकारो, तथा अनुसूचित जातियो की आर्थिक स्थितियों सुधारने के प्रति सजग है। उनकी आर्थिक द ाा सुधारने के लिये सरकार ने 11.98 करोड रूपए के परिव्यय का उपबन्ध किया है।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायट आफ आर्डर है। इस अभिभाशण को गवर्नर महोदय अच्छी तरह से पढ

कर गए है। अब इस अभिभाशण पर बहस चल रही है। इसको बार बार पढने की क्या आव यकता है ?

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): स्पीकर साहब, मै अर्ज कर रहा था कि सरकार ने गरीबो और मजदूरो की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए 11.98 करोड रूपए का उपबन्ध किया है चालू वर्श मे इस योजना के अधीन अनुसूचित जातियो के 27900 परिवारो सहित 55800 परिवारो की सहायता की जारही है। इसी तरह से गरीबो और मजदूरो की सहायता के लिए मेवात विकास बोर्ड ने अनेक योजनाये बनाई है। जिसके लिये 15.1 करोड रूपए का परिव्यय प्रास्तवित है जिनमे से हर साल 2.5 करोड रूपए खर्च किए जाऐगे।

श्री अध्यक्ष: धमीजा साहब, अब आप वाइउ अप करे।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): स्पीकर साहब, अभी मुझे बोलते हुए केवल पाच मिनट हुए है मै पांच मिनट का टाईम और लूगा। इसी रतह से छठी पंचवर्शीय योजना के दौनान भााहबाद, पलवल और जीन मे तीन भूगर मिले स्थापित की गई है अगरले साल हरियाणा मे तीन और भूगर मिले लगने जा रही है। इसके अलावा मै ने ानल फारेस्ट पालिसी के बारे मे कहना चाहूगा । इस पालिसी के अनुसार भौगोलिक क्षेत्र के 20 परसैन्ट मे दरखत होने चाहिए लेकिन हरियाणा मे चार परसैन्ट जमीन पर ही दरखत लगे है लेकिन अगले साल मे 10 करोड दरखत लगाने का

सरकार का विचार है। इसी तरह से यदि हर साल 10 करोड दरखत लगेगे तो हरियाणा दे ा मे अव्वल नम्बर पर होगा। हरियाणा मे अम्बाला नहर एक पर है क्योकि अम्बाला मे 17 परसैन्ट जमीन पर दरखत है बाकी जिलो मे इससे कम दरख्त लगे है। राज्य मे एक रेलवे कोच फैक्टरी की स्थापना केलिए राज्य सरकार ने भारत सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है। इस बारे मे मै अपनी सरकार से निवेदन करूगा कि यह फैक्टरी अम्बाला कैन्ट मे खोली जाए। अम्बाला कैन्ट रेलवे की दृश्टि से एक ऐसी जगह है जो फिरोजपुर मे मुरादाबाद तक जुडा हुआ है। यदि यहा पर कोच फैक्टरी लग जाएगी तो अम्बाला जिले के लोगो को रोजगार मिलेगा और अम्बाला जिले के लोगो को भारत सरकार से भी कुछ हिस्सा मिलेगा। इसके अलावा मै यह भी कहना चाहूगा कि भारत इलैक्ट्रानिक्स लिमिटेड पचकूला मे 21 करोड रूपए की लागत की एक दूर सचार परियोजना स्थापित कर रही है। और करनाल के गिर्द 1300 करोड रूपयो की लागत से एक तेल भाोधक कारखाना स्थापित हो रहा है। इनके स्थापित होने के बाद ि ाक्षित बेरोजगार लोगो को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा मै ि ाक्षा के बारे मे कहना चाहूगा। हरियाणा सरकार की ि ाक्षा की पालिसी काबिले तारीफ है। पहले जो ि ाक्षा की पालिसी थी उसमे धार्मिक ि ाक्षा का पीरियड नही होता था लेकिन अब धार्मिक ि ाक्षा का एक पीरियड भी है जिससे बच्चो का नै ानल करैक्टर उचा होगा। हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि मै सबसे पहले ि ाक्षा को तवज्जो दूंगा। इससे बच्चो का नै ानल करैक्टर उचा होगा। इसके

अलावा स्त्रियो के लिए उच्चरत ि ाक्षा पर वि ोश ध्यान दिया जा रहा है। इस बारे मे मै एक बात जरूर कहना चाहूगा। हमारे अम्बाला मे एक लडकियों के कालेज की काफी जरूरत है वहा पर कोई लडकियो का कालेज नही है। इसके अलावा मै एक बात और कहना चाहता हूं अगले वर्श के दौराने भाहरी इलाको मे पानी की सप्लाई तथा मल निकास योजानाओ के लिए 3.98 करोड रूपये की रा ि ा रखी गई है। यह बात ठीक है कि भाहरो के विकास का भी ज्यादातर ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके अलावा इस अभिभाशण मे सडको के बारे मे भी कहा गया है इस वर्श के अन्त तक राज्य के 98 प्रति ातो गावो को पक्की सडको से जोड दिया जाएगा। मै यह भी कहना चाहूगा कि भाहरो की सडको की हालत भी ठीक नही इसलिये भाहरी लोगो की सहुलियतो की तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए। भाहरो के अन्दर जो सडके टूटी हुई है उनको भी ठीक करवाया जाना चाहिए ताकि भाहरी लोग भी उन सडको पर चलते हुए सुख की सांस महसूस कर सके। इसके अलावा इस अभिभाशण मे यही भी बताया गया है कि सरकार स्त्रियो, बच्चो, विकलागो, निर्धनो, आदि के कल्याण कार्यक्रमो पर बल देती आ रही है। इस कार्य के लिए सातवी पचवर्शीय योजना मे 34.73 करोड रूपए का योजना आबटन होगा जिसमे से 5.66 करोड रूपए 1985–86 की वार्शिक योजना के लिए होगे। यह बहुत ही अच्छी बात है। उनका भी कल्याण होना चाहिए। इस अभिभाशण के हमारे राज्यपाल महोदय ने हरियाणा सरकार की पालिसी के बारे मे विस्तार से बताया है स्पीकर साहब, अपोजी ान

का काम तो अपोजी ान बराय अपोजी ान है हमारा काम तो सही बात को सही कहना है और गलत बात को गलत कहना है। इनके पास नुक्ताचीनी के अलावा कोई प्रोग्रोम नही है। हमारे पास तेा प्रोग्रोम है मै इनको प्रोगोम भी बता देता लेकिन इनम सुनने की हिम्मत नही है। स्पीकर साहब, अभी मेरे अपोजी ान के भाईयो का लोक सभा के चुनावो मे हार का जख्म ठण्डा नही हुआ था ऊपर से हरियाणा मे विधान सभा के तीन उप चुनाव भी हो गए इनकी करारी हार हुई और इनका जख्म फिर हरा हो गया। इन भाब्दो के साथ मै राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करते हुंए अपना स्थान लेता हू।

प्रो0 सम्पत सिहः स्पीकर साहब, 6 तारीख को जो अभिभाशण गवर्नर महोदय ने पढा है मै उसका विरोध करने के लिए खडा हुआ हू। स्पीकर साहब, मै एक बात स्पश्ट रूप से आपकी मार्फत सरकार ने कहना चाहता हू । 31 इस्तीफे परसों से पहले आर चुके थे और 32 वा इस्तीफा कल आया था जब चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी बोल रहे थे। 33 वा इस्तीफा उस वक्त आया जब डा0 मंगल सैन जी बोल रहे थे मुख्यमंत्री जी ने 33 वे इस्तीफे का जिकर किया था। मै अपना खुद का इस्तीफा आपकी मेज पर रखवा देता हू और उधर मे मुख्यमंत्री जी रखा दे और जुडि ियल कमि ान से और सुप्रीम कोर्ट के जज की इन्कवायरी करवा ले, सिर्फ उन्ही बातो की इन्कवायरी करवाए जो आज मै हाउस मे कहूगा। स्पीकर साहब जो बात मै कहूगा वह फैक्टस के

साथ ही कहूगा। यदि सुप्रीम कोर्ट के जजसे इन्कवायरी करवाने के बाद मेरी कही हुई बातो गलत साबित हो जाएं तो मेरा इस्तीफा पहले ही आपके पास पडा होगा और इधर से मुख्यमंत्री का भी होगा। स्पीकर साहब, इस इन्कवायरी के दौरान जिसकी बाते झूठी होगी उसका इस्तीफा आप मन्जूर कर ले। मै और ज्यादा जिकर न करते हुए सबसे पहले उस बात का जिकर करूगा जिससे दे ा को खतरा पैदा हो चुका है जब दे ा का नुकसान हो जाएगा लोगो की जाने चली जायेगी, दे ा की सुरक्ष से सम्बन्धित जो कागजात है अगर वह हमारी कमजोरी की वजह से निकल जाएगे तो उसके बाद हम लोग रोएगे और पछताएगे कि यह क्या हो गया। उसके बा फिर जासूसो को भी पकडते रहेगे। और फिर कश्ट लोगो को पकडते रहेगे तथा कहेगे कि यह अन सो ाल ऐलिमैन्ट और अन पैट्रियट लोग थे इसलिए खतरा हो गया। स्पीकर साहब, हिसार मे कन्टोनमैट है, मैकेनाइजड डिवीजन है। वह डिवीजन हिन्दुस्तान मे नम्बर वन पर है। वहा पर सिक्योरिटी का इतना जबरदस्त प्रबन्ध है कि मिल्ट्री के लोग अपने बच्चो तक को वहा पर नही रख सकते। स्पीकर साहब, पिछले दिनो वहा पर कुछ जमीन ऐक्वायर हुई थी यह जमीन 18.6.1984 को ऐक्वायर हुइ थी। और इसकी नोटिफिके ासन 18.6.1984 की है। न जाने उसमे किस आफिसर ने कैसे इन्कवायरी की थी जिससे उसको यह पता नही लगा कि इसमे जमीन किस किस की आई है इस जमीन को ऐक्वायर करते समय मुख्यमंत्री जी के दामाद की जमीन एक्वायर हो गई थी। इसके बाद इन्होने इन्फल्यूयन्स इस्तेमाल

करके उस जमीन को छूडाव लिया। 20.11.1984 को फिर दुबारा नोटिफिके ान इस जमीन की हुई। जब दुबारा नोटिफिके ान हुई तो उस समय इनके दामाद की जमीन को इस जमीन मे से निकाला पाया गया। स्पीकर साहब, मै सिक्योरिटी की बात कर रहा था। एक तरफ तो सारा कन्टोनमैन्ट का एरिया है दूसरी तरफ जी0टी0 रोड है तीसरी तरफ बाई पास है और चौथी तरफ कन्टोनमैट की जमीन है। जो जमीन छूडवाई गइ है वह अलग है और जो अन डयू लाखे करोडो रूपयो का दिया है वह अलग है लेकिन इससे दे ा को खतरा हो सकता है क्योकि उस इण्डस्ट्री मे से किसी लेबर को या किसी कर्मचारी को बाहर के विदे ाी लोग खरीद ले और हमारे दे ा का जो मैकेनाइज्ड डिवीजन है उसकी बाते अलग विदे ाो मे चली गई तो इस दे ा का क्या होगा और इस प्रदे ा का क्या होगा? बाद मे पछताने मे क्या फायदा होगा ? दूसरे यह कहते है कि इण्डीस्ट्रीज लगाना कोई बुरी बात नही है मै कब कहता हू कि बुरी बात है। वह अच्छी बात है दे ा मे इण्डीस्ट्रीज बढनी चाहिए लेकिन स्पीकर साहब, आज साढे तीन साल पहले मैने प्रधान मंत्री को 14 इण्डीस्ट्रीज का मैमोरेडम दिया था लेकिन आज मेरे हाथ मे 23 इण्डीस्ट्रीज का मैमोरेडम है। ये 23 इण्डीस्ट्रीज इनके दामाद ने रजिस्टर्ड करवाई है सवाल सिर्फ 23 इण्डीस्ट्रीज का नही है। सवाल है इररैगुलैटेरीज का। ये चाहे हजारो इण्डीस्ट्रीज लगा ले हमे कोई ऐतराज नही है अगर कोई नोजवान पजाब से हरियाणा मे आकर इण्डीस्ट्रीज लगाए तो हमे क्या ऐतराज है ? इण्डीस्ट्रीज लगाना

अच्छी बात है इससे हरियाणा का नाम उचा होगा लेकिन जो इण्डीस्ट्रीज हुई है वह मै आपको बताना चाहता हू। स्पीकर साहब, इसमे दे ा और अन्तराश्टीरय दोनेा तरह के मुददे आ जाते है इस बात का हरियाणा स्टेट से ही सम्बन्ध नही है। इसका असर दे ा और विदे ा दोनो पर पडता है। स्पीकर साहब, आपके ध्यान मे होगा कि पिछले दिनो राज सेठिया नाम से एक इण्डीस्ट्रीज इगलैण्ड मे थे, लेकिन वे रहने वाले हिन्दुस्तान के थे। इस व्यक्ति को लोन देने के सम्बन्ध मे पजाब नै ानल बैक, सन्टर्ल बैक आफ इण्डिया और बैक आफ बडौदा तीनो बैको के एस0डीज0 और चेयरमैनो को अपनी अपनी नौकरिया खोनी पडी। यह राज सेठिया की वजह से हुआ है। जिस कारण उन्हे अपनी नौकरी खोनी पडी। इन्होने क्या किया था। वह मै आपको बताना चाहूगा । इन्होने राज सठियो को 300 करोड रूपये का कर्जा इन बैको से दे दिया था यह कर्जा उसको विदाउट गारन्टी और बिदाउट सिक्योरिटी दिया गया था। कर्जा देते समय उसके असैस्टस नही देखें। लेकिन अब इस ने कोर्ट ने अपनी दिवालयिा करवा लिया है यानि अब 300 करोड रूपये का धन ही गोल हो गया है इसलिये इन लोगो को सजा दी गई और उनकी नौकरी से हटाना पडा। हरियाणा मे भी फाईनेि ायल कार्पोरे ान नें हरियाणा मे जो हमारे बैक है उन्होने भी सारे कानून तोड कर और इररेगुलरेटीज से फ्राड करके मुख्यमंत्री के दामाद को कर्जा दिया है। कर्जा देने के बाद मे फाइनेि ायल कार्पोरे ान ने जो उसको सबसिडी दी है उनका भी मै आपके सामने जिकर करना

चाहता हू। स्पीकर साहब, 5000 हजार से उपर यानि 5100 रूपये यदि कोई व्यकित भैस आदि खरीदने के लिए कर्जा बैक आदि से लतेा है तो उसको कोई न कोई चीज मीर्गेज करनी होती है सिर्फ 5 हजार रूपय तक बिना मीर्गेज नही की। लेकिन यहा पर क्या है ? यहा पर कोई प्रौपटी लेन देते समय मौर्गेज नही की। जो आदमी कर्जा लेता उसकी इन्कम टैक्स और वैल्थ टैक्स की रिटर्नज की भी वैरिफिके ान होती है लेकिन इस केस मे कोई वैरीफिके ान नही की गई। यह वैरिफिके ान इसलिए होती है कि जो कर्जा ले रहा है उसके मुकाबले मे क्या इसक पास असैस्टस है और क्या नही है क्या उसके पास कोई प्रोपर्टी है क्या वह इन्कम टैक्स देता रहा है। ओर क्या वैल्थ टैक्स देता रहा है। लेकिन इनके दामाद को कर्जा देते समय इन चीजो की परवाह नही की गई। सारे कानून की धज्जिया उडा दी गई। यहा तक कि पजाब नै ानल बैक के कर्मचारियो ने हडतालो तक की है उन्होने बगैर हिसाब किताब के लोन दिए जाने के कारण ऐजिटे ान किया। स्पीकर साहब, मै हाउस को बताना चाहूगा कि 19–2–85 को पजाब नै ानल बैक की हिसार की लोकल यूनियन ने प्रोटैस्ट किया था और हंडताल की थी हडताल इसलिये की थी जिस तरह हाई औफि ियल लेाग यह कर्जा दिलवा रहे है उससे कल को हम मरेगे, कल को हम फसेगे, इस तरह विदाउट गारन्टी और विदाउट सिक्योरिटी जो लोन दिया जा रहा है उसमे हम फसेगे। स्पीकर साहब, कल ये कह रहे थे और अखबार मे मेरे नाम से

ब्यान दिया था कि सम्पत सिह के पास और उसके बाप के पास जुता और साईकिली तक नही थी।

श्री अध्यक्षः प्रो0 साहब, आप जितनी भी बाते हाईलाइट कर रहे है जैसे कि फाइनैि ायल कापोर्रे ान या पजाब नै ानल बैक या दूसरे बैको ने कर्जा दिया, इस बारे मे मै आपको बताना चाहूगा कि ये जितनी भी इन्स्टीच्यू ान्ज है ये सब की सब इडीपैन्डैन्ट है। इनकी अपनी अथोरीटीज है। जब तक वह पैसा रिकमैड नही करती तक तक कोई भी कापोर्रे ान या इण्डीस्ट्रीज उनसे कर्जा नही ले सकती। दूसरी बात पजाब नै ानल बैक की है । पजाब नै ानल बैक के उपर किसी चीफ मिनिस्टर या किसी स्टेट का कोई कन्ट्रोल नही है। आप उतना ही कहो जितना जायज हो ताकि लोग समझ भी सके।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीरक साहब, मै बताऊगा कि कैसे इन्होने इन पर कन्ट्रोल किया है। इस बारे मे मै पूरी बाते आपको बताऊगा । स्पीकर साहब, 18 दिस्मबर 1984 से चल कर 31 जनवरी 1985 तक इस कम्पनी के एकाउटस बकायदा डैड थे। इनके चैक बाकायदा रिर्टन हो रहे थे और उनको वापिस किया जा रहा था कि आज इनके खाते मे कोई पैसा नही है स्पीकर साहब, जहा तक बैको का सवाल है उस बारे मे भी मै बताना चाहता हू। इन्होने न्यू बैक आफ इण्डिया से भी बहुत लोन लिया हुआ है मै उस बैक मे काम करने वाले का नाम नही लूगा। सिर्फ मैनेजर ही कहूगा। वह पहले हिसार न्यू बैक आफ इण्डिया मे

मैनेजर थे । इन्होने उनको फरीदाबाद मे 19 सैक्टर के अन्दर 1255 नम्बर प्लाट हुडडा का दिया है। इसी प्रकार से इन्होने एक डी0जी0एम0 जो पहले हरियाणा मे थे और आजकल डी0जी0एम0 दिल्मी मे है। को भी उनकी फैमिलो केनाम से हुडा के प्लाट पचकूला और सोनीपत मे दिए है। वे भी न्यू बैक आफ इण्डिया मे थे।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, ये इतने वेग ऐलीगे ान्ज लगा रहे है जिनका कोइ सिर पैर नही है। ये जितनी भी बाते कर रहे है वे सब बे बुनियादी है। स्पीकर साहब, हुडा का प्लाट चौधरी चरण सिंह ने भी ले रखा है। इनके पासवे बुनियादी बाते कहने के अलावा ओर कोई बाते कहने के लिए नही रह गई है। अगर इन लोगो मे थोडी सी भी जमीर हो तो इनको यहा पर बैठने का अधिकार नही है। अब जो चुनाव हुए है उनमे ये कही से भी जीत कर नही आए है। इनका हल्का मेरे हल्के के साथ लगाता है अभी पार्लियामैट के चुनाव मे ये अपने हल्के मे 15 हजार वोटो से हारे है। इनको पता है कि इन्होने इस बार चुन कर आना नही है मै इनको अच्छी तरह से जानता हू स्पीकर साहब, मैने इनको बार बार चैलैज किया है और अब भी चैलैज करता हूं। और फिर दुबारा चैलज करता हू कि यदि मेरे दामाद ने कही भी एक पैसे की भी कोई गडबड की हो तो मै इस्तीफा दे दूगा। बैक से कर्जा लेना कोई गुनाह नही है । बैक से कर्जा लेकन तो कोई आदमी काम करेगा ही । कोई बैक भजन लाल के अन्डर नही है। मुझे

अपने दामाद पर फ्रख है कि यदि उनके खिलाफ एक पाई भी गलत ढग से ली गई ये साबित कर दे तो मै इस्तीफा दे दूंगा। मै इकनो फिर कहता हू कि ऐसी वे मतलब की बाते ठीक नही है। ये कहते है कि फला फला लोगो को प्लाट दे दिये। चाहे कोई आफिसर है चाहे कोई सियासी आदमी है और चाहे कोई हाई कार्ट का जज है, सब को हुडा के प्लाट ले रखा है। अध्यक्ष महोदय, आप अन्दाजा लगाए । हरि आदमी पैसे से प्लाट लेता है। प्लाट देते समय कोई रियायत नही की जाती। इनको बे बुनियादी बाते कहना भाोभा नही देता। इसलिये मै इनसे कहना चाहता हू कि ये बराये मेहरबानी गवर्नन एड्रैस पर बोले कोई बात कहनती हो तो किसी ठोस सबूत के साथ ही कही। इनका यह कहना कि बैक के कर्मचारियों ने हडताल का दी, उसका इस गवर्नर ऐड्रैस से क्या मतलब है? बैक के कर्मचारी हडताल अपनी मागो को लेकर हमे ाा करते रहते है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, कल की गर्मागर्मी के बारे मे आप ने आज सुबह रूलिग दी थी और आज सुबह फिर मुख्यमंत्री जी की टोन मे श्रौट है। इन्होने कहा है कि मै जानता हू कि इसका इलाज कैसे किया जाता है।

Mr. Speaker: You Should not take it in that sense.

श्री वीरेन्द्र सिंहः एक बात मै आपके नोटिस मे लाना चाहता था। सैकन्डली, मै कहना चाहता हू कि एक मुख्यमंत्री जी को इन बातो का जवाब देने का हक है लेकिन इस स्टेज पर नही,

ये आखिर मे खडे हो कर जवाब दे सकते है बीच मे नही । इस वक्त ये क्यों इतने इम्पे ाेट हो रहे है ? क्यो नही तसल्ली से इनकी बात सुन रहे ? अगर कोई बात बुरी है तो आनरेबल मैम्बर ने अपनी स्पीच भाुरू करने से पहले बाकायदा तौर पर कहा है कि मै स्पैसिफिक बाते बोलूगां फैक्टस दूगा और इसके साथ ही साथ अपन इस्तीफा मेज पर रखता हू। अगर कोई फैक्ट गलत हो तो मेरा इस्तीफा मजूर किया जाए। (ाोर एवम व्यवधान) स्पीकर साहब, जिस तरह से ये बात कर रहे है यह कोई तरीका नही है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मै आपकी रूलिग चाहूगा इस मामले मे क्याकि यह एक ओकेजन क्रिएट हो गया है जो आपके लिए भी और हाउस के लिए भी बडा इम्पोर्टमैंट है। स्पीकर साहब, जनता के लिए पब्लिक लाईफ अदव बोर्ड है इस मे दो राय नही है ...

श्री अध्यक्षः ये लफज रिकार्ड न किए जाए। डा0 साहब आप एक तरफ तो एक बात की क्लैरिफाई करवाना चाहते है और दूसरी रतफ ऐलीगे ान लगा रहे है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मुझे अपनी बात समझाने मे दिक्कत आती है।

श्री अध्यक्षः दिक्कत कोई नही आती। (व्यवधान)

Shri Mangal Sein: Sir, my difficulty to this extent is that i am not so quick.

Mr. Speaker: You are very quick. You are vert inteligent.

Shri Mangal Sein: Very kind of you Sir for these remarks.

स्पीकर साहब, हाउस मे डैफिनिट एड स्पैसिफिक ऐलीगे ान लगे है There fore, I may be allowed to explaing my point Sir. The Chief Minister has accepted teh challenge. इसके इलावा गवर्नर ऐड्रैस पर बोलते हुए भी कुरप ान के बारे मे कहा गया और ये बार बार कह रहे है कि मेरा इस्तीफा ले लो और ये भी इस्तीफा देने के लिए तैयार है। जब दोनो तरफ से ऐसा है तो इस मे बुरी बात क्या है?

श्री अध्यक्षः जो तमा ाा आप देखना चाहते है, वह मै करवाना नही चाहता। आप बैठ जाइए।

श्री मगल सैनः स्पीकर साहब, जब स्पैसिफिक ऐलीगे ान लगे हो तो ऐसे हालात मे इन्कवायरी होने चाहिए या नही होना चाहिए, इस पर आप रूलिग दीजिए।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, यह बात कल तय हो गई थी कि जब कोई मैम्बर बोल रहा हो तो मुख्यमत्री जी नही बोलेगे, बाद मे बोलेगे। बीच मे मैम्बर साहिबान को क्यो इन्ट्रप्ट कर रहे है ? वे तो स्पैसिफिक बात कर रहे थे। क्या मुख्य मंत्री जी बताएगे कि पहले आपके रि तेदार के पास कितनी इडस्ट्री थी। (व्यवधान)

चौधरी भजन लालः यह मै आपको बाद मे बताऊगा । (व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी कहते सब कुछ कह गए और थ्रैट भी कर गए कि मैने इनका इन्तजाम कर लिया है। स्पीकर साहब, इन्होने बाकायदा इन्तजाम किया था। 5 तारीख को जो चुनाव हुए थे। मै इनका जिकर नही करना चाहता क्योकि मेरे साथियो मे इसका जिकर बहुत कर दिया। अपनी जुबान से अपना ही जिकर करना अच्छा नही लगता। लेकिन मुझे मजबूर होकर कहना पड रहा है कि इन्होने मेरा बन्दोबस्त कैसे किया था स्पीकर साहब, बूथ न0 98 पर मै पोलिग एजेट था। और बूथ न0 102 पर बहन चन्द्रावती पोलिग एजेट थी। ये बूथ एाक ही बिल्डिग के अन्दर थे जो पचायती धर्म ाला की बिल्डिग थीं। अब अगर हम दोबारा कहेगे तेा इनको फिर दोबारा गुस्सा आयेगा, अगर फिर कहेगे तो फिर गुस्सा होकर उठेगे और फिर कहेगे कि मैने बन्दोबस्त कर दिया है।स्पीकर साहब 5 तारीख वाले दिन खुद मुख्यमंत्री जी के भाई भतीजे और उनके साथ दूसरे काग्रेस पार्टी के लोग बूथ बाउडरी मे ऐन्टर हुए।

श्री अध्यक्षः ये लफज रिकार्ड न किए जाएं।

प्रो0 सम्पत सिहः काग्रेस पार्टी के असामाजिक तत्व जो मुख्यमत्री के भाई के साथ थे, बूथ बाउडरी मे दाखिल हुए। बाउडरी मे दाखिल होने के बाद चारो तरफ पुलिस खडी हो गई

और किसी भी वोटर को अन्दर नही आने दिया जा रहा था। ये लोग खूद मेरे बूथ मे गए और खुद मुख्यमंत्री जी के भाई ने मेरी कमीज के बीच के बटन पर रिवाल्र रख कर कहा कि तुम बहुत बोल रहे हो। आज देखूगा, अकेले मे टकरे हो। इस किस्म बन्दोबस्त ये करते है। कोई बात नही जिन्दगी और मौत इनके हाथ मे नही । अगर इनके ही हाथ मे ये सारी चीज हो तो इतनी सुरक्षा होते हुए भी इतना कुछ न होता। भगवान न जाने किस को किस वक्त उठा ले। बहुत कछ हो गया इस वक्त मै उसका नाम नही लेना चाहता और न ही उस बात का जिकर करना चाहता हू लेकिन इस बात का किसी को पता नही कि जब ये कदम बाहर रखेगे, न जाने कौन हम से कल उठ जाए और किस के लिए क्या कुछ करना पड जाए। यह इनके हाथ मे नही है। इसलिए ऐसी बाते नही होनी चाहिए। राजनीती मे अगर ऐसी चीजे होती हे तो बडी गलत परम्परा पडती है स्पीकर साहब, मै सबसीडी और लोन का जिकर आपके सामने कर रहा था। भाुरू भाुरू मे कुछ लोन लेकर, 92 कैनाल जमीन के उपर यह इण्डस्ट्री लगती है 92 कैनाल पर भानु इण्डस्ट्री प्राईवेट लिमिटिड लगी है और खुद के लिए इसके लिए 30 लाख रूपया लोन लेते है। स्पीकर साहब, जो प्राईवेट लिमिटिडज होते है उन मे भोयर होल्डर्ज होते है। जब यह इण्डस्ट्री लगी, इसके साल के बाद इसी जमीन के एक पो र्ान मे भानू स्टील इण्डस्ट्री के नाम से और एक इण्डस्ट्री बना कर दोबारा उसी जमीन पर ये लोन लेते है और तीसरे बार 1985 मे 40 हजार सुकेयर फीट जमीन इस जमीन मे से निकाल कर दोबार

फिट सरस्वती इण्डस्ट्री के नाम से लेान लेते है। कहने का मतलब यह है कि जमीन एक ही है लेकिन लोन बार बार उसी जमीन पर लिया जा रहा है स्पीकर साहब, मे इन्टरनै ानल लिंक की बात आपके सामने रखना चाहते हू। इस के बारे मे मै मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहता हू कि हो सकता है यह बात आपके हक मे हो और हो सकता है इससे कल आपको नुकसान हो जाएं। इसी इण्डस्ट्री कसर्न ने 31.1.1984 को इम्पोर्ट लाइसैन्स लिया। रेडायन लिमिटिड नाम की एक कम्पनी है जो इग्लैण्ड मे वर्क कर रही है। इस कम्पनी ने इम्पोर्ट लाइसैन्स लेकर, रेडायन लिमिटिड कम्पनी से 630303.40 रूपये की फरनेस खरीद ली है। स्पीकर साहब, बिल्डिग 630303.40 रूपए की है और इस फरनेस की कैपसिटी 5 टन की कैपसिटी की जो फरनेस है फरनेस थी। स्पीकर साहब, हिन्दुस्तान मे बनी हुई 5 टन की है यह फारेन मेड इम्पोटिड फरनेस थी। स्पीकर साहब, साहब हिन्दुस्तान मे बनी हुई 5 टन की कैपसिटी की जो फरनेस है वह ई0सी0जी0 कम्पनी की बनी हुई है जो 65 लाख रूपया की आती है। इस रेडायन कम्पनी के साथ लगती है 500 यार्ड की एक दूसरी कम्पनी है जो डेढ टन कैपेसिटी की फरनेस सिर्फ 10 लाख की लाये है इसका मतलब यह हुआ कि रेडायन कम्पनी की जो फरनेस है वह 1 करोड से कम की नही हो सकती । ये क्या लाये है? इस मे क्या खास चीजे है ? इसी के अन्दर सारी गडबड है । अगर इसकी इन्कवायरी करवाई जाए तो हा सकता है इस मे इटरनै ानल लिक्स हो, क्योकि 1 करोड रूपए की फारेन मुद्रा कौन देगा इनको ? एक करोड रूपये

का काला धन इनको कोन देगा ? 6 लाख की बिलिंग है और एक करोड की चीज है। कौन देगा इनको इतनी विदे ाी मुद्रा? इस तरह से यह एक बहुत बडा फ्राड रचा गया है। दूसरी कम्पनी खुद 10 लाख रूपये की फारनेस लाती है।

श्री अध्यक्षः अब आप वाइन्स अप कीजिए। आपको बोलते हुए काफी समय हो गया है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, अभी तो मुझे बहुत कुछ कहना है।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः आन ए प्वायट आफ आर्डर सर। स्पीकर साहब, एक मैम्बर ने एक तरीका बना लिया है कि वे कहेगे कि फ्राड हो रहा है गबन हो रहा है, इस मे बडा जुल्म हो बडी ज्यादती है और बीच मे बतायेगे यह कि एक ने लोन ले लिया, दूसरे ने लोन ले लिया या कोई म ाीनरी इम्पोर्ट कर ली। एक तो इन्होने ये वर्डज इस्तेमाल करने है। दूसरे पूरी टोन और कटैन् ान से ऐसा ऐटमोसफियर क्रिएट करना चाहते है जिसके तरह यह कहना चाहते कि बहुत ज्याद गलत बाते हो रही है बहुत ज्यादती हो रही है स्पीकर साहब, मै आपी रूलिग चाहूगा कि क्या किसी मैम्बर को हाउस मे टोटली गलत बातो कहने की परमी ान है ? (व्यवधान) अब यह कह रहे कि इन्टरनै ानल लिक्स है।(व्यवधान) जो कुछ यह कर रहे है इसका बे सिज क्या है? जो कुछ ये कर रहे है सब गलत कर रहे है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, मैने बाकायदा बिलिग कोट की है, ई0जी0सी0 कम्पनी की प्राईस कोट की है। और हिन्दुस्तान मे उसी कम्पनी की एक दूसरी फरने से उन्ही दिनो आई। यह चीजे मैने कोट की है, इससे फालतू और क्या सबूत हो सकता है ? स्पीकर साहब, सबसिडी यह बात कर रहे थे, इस कम्पनी को 48 आवर्ज मे सबसिडी का केस तैयार होता है और 24 आवर्ज के अन्दर आते ही कहते है कि लो सबसिडी।

Mr. Speaker: Your time is over now.

अब हाउस कल प्रातः 9.30 बजे तक के लिए ऐडजर्न किया जाता है।

(13.30 बजे)

(तत्प चात् सदन बुधवार दिनांक 13–3–1985 को प्रात 9.30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)